तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार, 24 मई 2025

12 वंदे भारत ट्रेन रोककर जबरन घुसने का प्रयास



12 जमीन खाली करने वाले को ही मिल रहे नोटिस



## खबर संक्षेप

### नशा तस्कर को दो साल की कैद,10 हजार जुर्माना

**पानीपत।** एनडीपीएस फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्पेशल जज योगेश चौधरी ने आरोपी सुमेर को दोषी करार देते हुए दो साल के कारावास की सजा सुनाई। वहीं सुमेर पर दस हजार रूपये जुर्माना किया। जुर्माना नहीं देने पर सुमेर को छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। स्मरणीय है कि एएसआई महावीर की टीम ने गांव मेहमदपुर में फिरनी के पास सुमेर को मोटर साइकिल नंबर एचआर 06एजी 7117 और 112 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपी पर 20 एनडीपीएस एक्ट का केस दर्ज किया गया था। वहीं सुमेर के खिलाफ 10 गवाहों ने गवाही हुई।

### अंतरराज्यीय वाहन चोर पकड़े, रिमांड पर लिए

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने अंतरराज्यीय कार चोर गिरोह के दो आरोपियों गुरशरण प्रीत पुत्र चरणजीत निवासी बाजाखाना फरीदकोट व मनिंदर पुत्र रेशम सिंह निवासी जयमल सिंहवाला बरनाला, पंजाब को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने 14 मई की रात समालखा में हथवाला रोड पर ऑफिस के बाहर खड़ी एक होंडा सिटी कार चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी गुरशरण प्रीत पर पंजाब में कार चोरी के दो केस दर्ज दर्ज है। वहीं पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है।

### यूनिवर्सिटी मॉडल स्कूल में लगेगा डिजिटल समर कैंप

**थानेसर।** हरियाणा नॉलेज कारपोरेशन लिमिटेड के सहयोग से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पहली बार डिजिटल समर कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्रधानाचार्य डॉ. सुखविंदर सिंह ने बताया कि ग्रीष्मावकाश के दौरान छात्रों के रचनात्मक कौशल को बढ़ाने के लिए डिजीटल समर कैम्प के आयोजन का निर्णय लिया गया है।

### अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी आज नरवाना में

**नरवाना।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी आगामी 24 व 25 मई को विधानसभा हलका के विभिन्न कार्यक्रमो में शिरकत करेंगे। प्राप्त दौरा कार्यक्रम के अनुसार कैबिनेट मंत्री बेदी 24 मई को सायं 6 बजे बजे प्रेमनगर निवासियों के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

## करनाल रिंग रोड पर रास्ते की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं किसान

# सोहाना गांव में पुलिस बल और आंदोलित किसान आमने सामने

### प्रशासन ने निर्माण कार्य रोका, सरकारी अमला वापस लौटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- रास्ता लेकर ही रहेंगे, चाहे इसके लिए कितनी भी बड़ी कुर्बानी क्यों न देनी पड़े : रतनमान

सोहाना गांव के पास करनाल रिंग रोड पर रास्ते की मांग को लेकर गत दिनों से चल रहे शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे किसान और पुलिस शुक्रवार को आमने सामने हो गये। किसानों का कहना है कि आज जिला प्रशासन ने जबरदस्ती रिंग रोड़ निर्माण कार्य शुरू करवाने की कोशिश की।

कई घंटे तक किसान और पुलिस के बीच तीखी नोक झोंक परंतु किसान अडिग रहे। अंततः प्रशासन को निर्माण कार्य रोकना पड़ा और सरकारी अमला वापिस लौट गया। शुक्रवार को अचानक करीब 11 बजे जेसीबी मशीन के साथ पुलिस बल के साथ निर्माण कार्य को शुरू करवाने के लिए आंदोलन स्थल पर पहुंच गए।



सरकारी अमले में करफी संख्या में महिला पुलिस भी शामिल थी। जैसे ही सरकारी अमले ने जब्री तौर पर निर्माण कार्य को शुरू करवाया गया तो ग्रामीण विरोध पर उतर आए। इस बीच पुलिस व किसानों के बीच धक्का मुक्की भी हुई। लेकिन मौके से किसान व ग्रामीण अड़े रहे। प्रशासन किसानों के विरोध के दौरान निर्माण कार्य शुरू नही करवा सका। इस बीच भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष रतनमान भी मौके पर पहुंच का चल रहे विरोध में शामिल हो गए।

प्रदेशाध्यक्ष रतनमान के पहुंचने पर जोश स्वरूप आंदोलनकारी ग्रामीणों ने भाकियू जिंदाबाद के नारे लगाए। अधिकारियों व भाकियू पदाधिकारियों के बीच वार्ता का दौर शुरू हो गया। तय हुआ कि जल्द ही जिला प्रशासन, निर्माण कंपनी व भाकियू की बैठक करके इस मामले हल निकाला जाएगा। तब जाकर पूरा मामला शांत हो गया। भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष रतन मान ने कहा कि जब तक हमारी मांगें नहीं मानी जातीं तब तक आंदोलन जारी रहेगा। रास्ता लेकर ही रहेंगे। चाहे इसके लिए कितनी भी बड़ी कुर्बानी क्यों न देनी पड़े। यह आंदोलन किसानों के हक़ और ज़मीन से जुड़ी अस्मिता की लड़ाई है। अंत में निर्णय हुआ है कि सडक़ बनाने वाली कंपनी भारतीय किसान यूनियन व जिला प्रशासन के बीच बैठकर वार्ता की जाएगी और हल निकाला जाएगा।

#### भाकियू देगी साथ

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि रास्ते की मांग पूरी होंने तक भाकियू का एक एक कार्यकर्ता आंदोलनकारी ग्रामीणों के साथ कंधा से कंधा मिला कर मजबूती के साथ खड़ा है। हरियाणा सरकार द्वारा जब तक करनाल रिंग रोड़ पर रास्ते को बनाया नहीं जाता तब तक हर हाल में भाकियू के बैनर तले आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि धरने को लेकर भाकियू कार्यकर्ताओं के हौसले बुलंद है। एक एक भाकियू कार्यकर्ता मजबूती के साथ इस आंदोलन के प्रति समर्पित है।

#### ये रहे मौजूद

धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान सुींद्र सिंह घुम्मन ने की। इस अवसर पर सुरेंद्र सागवान, महताब कादियान, विनोद राणा, धनेत्तर राणा, डा. सत्यवीर तौमर, शाम सिंह मान, बबलू सोहाना, सुरज लाठर सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझी

# भतीजे ने कर्ज उतारने के लिए की थी ताई की हत्या

- भतीजे की बाइक पर पीर की चौकी में गई थी बुजुर्ग महिला
- कानों की बालियां व पैसे देकर आरोपी की हो गई नीयत खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस ने बुजुर्ग महिला की हत्या की गुत्थी को सुलझा लिया है। इस ब्लाइंड मर्डर की पुलिस कई दिन से जांच कर रही थी। जांच के दौरान ही पुलिस ने दुखेड़ी के अभिमन्यू उर्फ चिंटू को काबू किया है। आरोपी ने 16 मई 2025 को बुजुर्ग महिला की निर्मम हत्या की थी।

एसएचओ साहा एसआई कर्मवीर सिंह ने बताया कि आरोपी अभिमन्यु मृतक महिला का भतीजा है। 15 मई को महिला अपने घर से संभालखा गांव में बाबा जाहर पीर की चौकी के लिए भतीजे अभिमन्यु के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर गई थी। इसके बाद वह वापिस घर नहीं आई तो परिवार ने उसकी तलाश शुरू की थी। 16 मई रात को परिजनों को पता चला कि चुड़यिाली गांव की पंचायती जमीन में खड़े पेड़-पौधों में एक महिला की लाश पड़ी हुई है। मौके पर पहुंच परिजनों ने महिला की पहचान उसके कपडों से की थी। सूचना के बाद साहा पुलिस के साथ फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई थी। जांच के दौरान पुलिस को अभिमन्यु पर शक हुआ जिसके बाद साइबर विशेषज्ञों से सहायता ली।



**अंबाला।** हत्या के मामले में पकड़ा गया आरोपी अभिमन्यू।

#### पूछताछ में खुला राज

पुख्ता सबूतों के आधार पर आरोपी अभिमन्यू से सख्ती से पूछताछ की तो उसने हत्या का राज खोल दिया। आरोपी ने बताया कि वह अपनी ताई को मोटरसाईकिल पर गांव चुड़यिाली की तरफ लेकर आया था। ताई के कानों में डली बालियां देखकर उसकी मंशा खराब हो गई। अभिमन्यू सोने की बालियों व पैसों से अपना कर्ज उतारना चाहता था। इसलिए उसने पैसों व जेवरात के लालच में आकर उसने अपनी ताई की पत्थर तथा चाकू से हमला कर हत्या कर दी। पुलिस ने अब हत्या के सबूत जुटाने के लिए आरोपी को तीन दिन के रिमांड पर लिया है।

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

### लाल छप्पर घाट के पास हादसा, पिकअप चालक पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जठलाना क्षेत्र के लाल छप्पर घाट के पास पिकअप की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव कंड्रौली निवासी श्रवण कुमार ने जठलाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भतीजा 37 वर्षीय प्रदीप कुमार 21 मई को बाइक पर किसी काम से बाहर गया था। रात आठ बजे जब प्रदीप वापस घर लौट रहा था तो लाल छप्पर घाट के पास तेज गति से आ रही पिकअप ने उसके भतीजे की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे उसका भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया।

#### आरोपी चालक फरार

हादसे के बाद आरोपी पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल प्रदीप को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# तरावड़ी : किले के सौंदर्यीकरण का कार्य उद्घाटन से पहले ही बंद

- हिन्दू सम्राट पृथ्वीराज चौहान के किले का मामला
- राजनीति के चलते रोका गया है सौंदर्यीकरण कार्य : वार्ड पार्षद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

तरावड़ी में स्थित ऐतिहासिक हिन्दू सम्राट पृथ्वीराज चौहान के किले का सौंदर्यीकरण कार्य का उद्घाटन करने से पहले बंद कर दिया गया है। गौरतलब है इस किले के गेट का सौंदर्यीकरण नगरपालिका की हाउस की बैठक में 24 लाख रूपये प्रस्तावित किये गये थे।

ठेकेदार ने काम शुरू करने के लिये किले गेट पर पैड भी बांध दिये थे। कार्य करने का शिलान्यास का पत्थर भी लगा दिया था। करीब सात दिन पैड बांधने का कार्य चला। लेकिन दो दिन पहले पृथ्वी राज चौहान के किले के सौंदर्यकरण के लिए लगाई गई शटरिंग आज बिना काम किए ही उतार दी गई। इस तरह





**तरावड़ी।** ठेकेदार के कर्मी गेट से पैड उतारते हुए व किले के मुख्य गेट पर शिलान्यास का पत्थर लगा हुआ।

किले के गेट का सौंदर्यकरण का सपना दिखाकर फिर तोडऩे के चलते काटजू नगर के लोगों में भारी रोष है। इस मामले में वार्ड पार्षद का कहना है कि इस काम को राजनीति के चलते रोका गया है और नगरपालिका आधिकारियों का कहना है कि आगामी बरसात के सीजन के कारण काम को स्थगित किया गया है। काटजू नगर निवासी अजय कुमार, कृष्ण चंद, सुनील कुमार, देवेंद्र वर्मा व सुरेश कुमार का कहना है कि इस ऐतिहासिक किले का मुख्य द्वार जर्जर हालत में है और किसी भी कोई बड़ी दुर्घटना होने का खतरा बना हुआ है। इन लोगों का कहना है कि पहले भी कई बार छत के छोटे हिस्से का प्लास्टर टूट का नीचे गिर चुका है। इन लोगों का कहना है कि काटजू नगर के लोग लम्बे समय से इस गेट के सौंदर्यकरण व रिपेयर की मांग कर रहे थे। जिसके चलते दो साल पहले नगरपालिका पार्षदों की बैठक में इसकी रिपेयर व सौंदर्यकरण के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। जिला अधिकारियों से मिली अनुमति के बाद इसके सौंदर्यकरण के लिए नगरपालिका की ओर से साढे 24 लाख रुपये का बजट बनाया गया और काम के लिए कम्पनी को टेंडर भी दिया गया। कम्पनी दो माह पहले आकर काम शुरू करने के लिए शटरिंग लगा दी, लेकिन काम शुरू नही हो सका जिसका कारण पत्ता नही चला। गुरुवार को अचानक ठेकेदार के लोगों ने आकर शटरिंग उतार दी और वापिस ले गए। शटरिंग उतरने के बाद काटजू नगर के लोगों में रोष है तो वहां के पार्षद हरीश मदान का कहना है कि काम को राजनीति द्वेष के लिए बंद करवाया गया है, लेकिन इस फैसले पूरे वार्ड के लोग प्रभावित हुए है। उन्होंने बताया कि वह जल्द ही तथ्यों के साथ मामले का खुलासा करेंगे।

#### नपा सचिव बोले

इस बारे में नगरपालिका सचिव अजीत कुमार का कहना है कि आगामी बरसाती सीजन को देखते हुए काम बंद किया गया है। बरसात के सीजन के बाद काम शुरू करवाया जाएगा और काम को ओर बेहतर तरीके से और प्लान के साथ कार्य को शुरू करवाएंगे।

# राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने सौंपा मांग पत्र

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ बाबैन ने प्रधान राजबीर सिंह के नेतृत्व में खंड शिक्षा अधिकारी ज्ञान चंद ो बाबैन खंड का चार्ज मिलने पर बधाई दी।

इस अवसर पर संघ ने शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर एक मांग पत्र भी सौंपा। मांग की गई कि 2017 बैच के जेबीटी शिक्षकों को नोशनल लाभ प्रदान कर वेतन निर्धारण किया जाए, और जिन शिक्षकों का वेतन निर्धारण हो चुका है,



उनके लिए बजट की व्यवस्था की जाए। मिड डे मील योजना के अंतर्गत आटे की आपूर्ति जुलाई माह से 15-15 दिन के अंतराल पर सुनिश्चित की जाए, ताकि बच्चों को पोषण युक्त भोजन समय पर मिल सके। शिक्षकों के लंबित लाभों का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए, जिनमें मेडिकल बिल, जीपीएफ, एलटीसी, एसीपी आदि शामिल हैं। बीड़ सुजरा के अंतर्गत आने वाले स्कूलों के शिक्षकों का वेतन निकलवाने का कार्य समय से सुनिश्चित किया जाए।

# कुवि ने घोषित किए 16 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में परीक्षा शाखा द्वारा 16 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित बीएससी (ऑनर्स) रसायन विज्ञान 5वां सेमेस्टर, बी.एस.सी. बायो-केमिस्ट्री में मेजर 5वां सेमेस्टर, बी.एस.सी. फिजिक्स में मेजर 5वां सेमेस्टर, बी.एस.सी. गणित में मेजर 5वां सेमेस्टर, बी.एस.सी. कंप्यूटर साइंस में मेजर 5वां सेमेस्टर, बी.एस.सी. होम साइंस प्रथम सेमेस्टर (फ्रेश) एनईपी, बी.टेक (इलेक्ट्रिकल और इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग) तृतीय सेमेस्टर, बी.एस.सी. (होम साइंस) प्रथम सेमेस्टर (रि-अपीयर) सीबीसीएस, बी.टेक. 5वाँ सेमेस्टर, एम.कॉम प्रथम सेमेस्टर (एनईपी), एमबीए 5 वर्ष तीसरा सेमेस्टर (एनईपी), बी.टेक. (इलेक्ट्रिकल और इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनियरिंग) 5वां 6वां और 7वां सेमेस्टर,. बी.एससी. फैशन डिजाइनिंग में प्रथम सेमेस्टर (फ्रेश$री) आईयूएमएस (एनईपी), एम.ए. (पॉलिटिकल साइंस) प्रथम सेमेस्टर नॉन-सीबीसीएस (री-अपीयर) तथा एम.ए. (पॉलिटिकल साइंस) प्रथम सेमेस्टर (री-अपीयर) आईयूएमएस परीक्षाओं परिणाम घोषित किए हैं।

## विकास कार्यों को लेकर नगर निगम के अधिकारियों की बैठक का आयोजन

# यमुना नहर किनारे रिवर फ्रंट बनाना ड्रीम प्रोजेक्ट: अरोड़ा

- विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने मुख्यातिथि के रूप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के विकास कार्यों को लेकर नगर निगम के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्यातिथि के रुप में सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने भाग लिया। मौके पर नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी व निगमायुक्त अखिल पिलानी भी मौजूद रहे।

बैठक में शहर के हमीदा हैड के पास नौ एकड़ में पार्क बनवाने, पश्चिमी यमुना नहर किनारे रिवर फ्रंट बनाने, बाढ़ी माजरा में आईपीएस व



**यमुनानगर।** अधिकारियों की बैठक लेते विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ।

सीवरेज कनेक्शन करवाने, भगवानगढ़ में बैडमिंटन हॉल बनाने समेत विभिन्न विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्यातिथि एवं सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि शहर के किनारे बह रही पश्चिमी यमुना नहर किनारे रिवर फ्रंट बनाना और हमीदा हैड के पास पार्क बनाना उनका ड्रीम प्रोजेक्ट है। ये दोनों प्रोजेक्ट बनने से हमारा शहर पर्यटन क्षेत्र में उभरकर सामने आएगा। हमारा मुख्य लक्ष्य अपने शहर को प्रदेश का सबसे सुंदर व स्वच्छ शहर बनाना है। इस लक्ष्य को पूरा करने में सभी अधिकारी आपस में तालमेल बनाकर और दृढ़ संकल्पित होकर कार्य करें। मौके पर नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी ने बताया कि हमीदा हैड के पास दलदल पड़ी जमीन में लगभग नौ एकड़ में भव्य पार्क विकसित किया जाना है।

करीब छह करोड़ 13 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इस पार्क को प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है। तकनीकी स्वीकृति के लिए फाइल भेजी गई है। स्वीकृति मिलते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। जिसके बाद पार्क निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा। इसी तरह पुराना सहारनपुर रोड के फतेहपुर पुल से लेकर बाड़ी माजरा पुल तक पश्चिमी यमुना नहर के किनारे रिवर वाटर फ्रंट बनाने के प्रोजेक्ट को भी प्रशासकीय स्वीकृति निदेशालय द्वारा दे दी गई है। इस कार्य की फाइल भी तकनीकी स्वीकृति के लिए प्रक्रिया में है।

प्रोजेक्ट के तहत लगभग 600 मिलीमीटर चौड़ा लैंडस्केप एरिया होगा। जिसमें दो हजार मिमी चौड़ा फुटपाथए निकासी के लिए नाली, 1050 मिमी ऊंची पत्थर की दीवार पर 1200 मिमी ऊंची बाड़ लगाने वाली जाली लगेगी। इसके अलावा चौड़ी सड़क व फुटपाथ के साथ फेंसिंग, उद्यान, बैठने के लिए सुंदर व आकर्षक डिजाइन के बैंच, फैंसी लाइटिंग, हरियाली व अन्य व्यवस्थाएं की जाएंगी। नहर किनारे रिवर वाटर फ्रंट विकसित होने से शहर को एक नया रूप मिलेगा और लोगों को नहर के किनारे आनंद लेने का मौका मिलेगा। बैठक में शहर के कई अहम मुद्दों व विकास कार्यों पर भी चर्चा की गई।

#### ये रहे मौजूद

बैठक अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार, उप निगम आयुक्त कुलदीप सिंह, पार्षद विभोर पाहुजा, एक्सईन मनोज कुमार, जन स्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन दिनेश गाबा, निगम अभियंता मुनेश्वर भारद्वाज, दीपक सुखीजा व राजेश शर्मा आदि मौजूद थे।

# विदेश भेजने के नाम पर युवक से हड़पे 16.75 लाख

- पुलिस ने दंपति समेत चार आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

विदेश भेजने के नाम पर गांव खेड़ी रांगड़ान निवासी कर्मवीर सिंह से 16 लाख 75 हजार रुपये हड़प लिए गए। आरोप राकेश रिखी, उसकी पत्नी प्रभा रिखी, सिमरनजीत सिंह व मोहित शर्मा पर लगा है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव खेड़ी रांगड़ान निवासी कर्मवीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 2023 में रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात राकेश रिखी, उसकी पत्नी प्रभा रिखी, सिमरनजीत सिंह व मोहित शर्मा के साथ हुई। आरोपियों ने उसे कहा कि वह युवाओं को विदेश भेजने का काम करते हैं। वह उसे भी रोजगार के लिए विदेश भेज देंगे। इसके लिए करीब 17 लाख रुपये का खर्च आएगा। वह आरोपियों की बातों में आ गया। उसने आरोपियों पर विश्वास करके जुलाई 2023 से अक्तूबर 2023 के बीच आरोपियों को अलग-अलग करके 16 लाख 75 हजार रुपये और अपने सभी दस्तावेज दे दिए। आरोपियों ने उसे जल्द विदेश भेजने का आश्वासन दिया। मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने उसे विदेश नहीं भेजा। जब उसने आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

खबर संक्षेप

## पंकज ठाकुर के पिता की रस्म पगड़ी 26 को



**तरावड़ी।** रेल यात्री वैलफेयर एसोसिएशन के निरीक्षक राजीव ठाकुर व पत्रकार पंकज ठाकुर के पिता स्वर्गीय सतपाल की रस्म पगड़ी 26 मई को तरावड़ी शहर के नगर खेड़े के पास शिव शक्ति सत्संग भवन में दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक होगी। वह 18 मई को अपनी संसारिक यात्रा पूरी कर प्रभु चरणों में लीन हो गए थे। उनके निधन पर विधायक भगवानदास कबीरपंथी, नगरपालिका चेयरमैन वीरेंद्र बंसल, पंजाबी सभा तरावड़ी के प्रधान राजीव नारंग, भाजपा मंडल तरावड़ी, राइस मिलर्स एंड डीलर्स एसोसिएशन, श्री हनुमान सेवा समिति, भारत विकास परिषद शाखा तरावड़ी, भाजपा मंडल नीलोखेडी, तरावड़ी पत्रकार एकता मंच, आढ़ती एसोसिएशन तरावड़ी, भारत विकास परिषद शाखा पड़वाला, रेल यात्री वेल्फेयर एसोसिएशन, श्री सनातन धर्म सभा, शिव शक्ति संकीर्तन मंडल, जय भारत युवा मंडल आदि मौजूद रहेंगे।

## पटाखों फोड़ने पर लगाया पूर्णतः प्रतिबंध

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित आदेशों की अनुपालना में जिला में सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री (ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से डिलीवरी सहित) और पटाखे फोड़ने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

उन्होंने बताया कि 6 मई, 2025 को, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा की सरकारों को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पटाखों के निर्माण, बिक्री, भंडारण और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का स्पष्ट निर्देश दिया है। न्यायालय ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि इस आदेश का अनुपालन नहीं किया जाता है, तो संबंधितों पर कार्रवाई की जाएगी।

### अधिवक्ता परिषद् करनाल ने उठाई सिंधु जल समझौते की पुनर्समीक्षा की मांग

# सिंधु जल समझौते में भारत के साथ पानी के वितरण में हुआ पक्षपातः प्रो. अमित

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से सहायक प्रोफेसर अमित काम्बोज रहे,सिंधु जल समझौते पर प्रकाश डाला




हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

अधिवक्ता परिषद् करनाल इकाई द्वारा जिला अध्यक्ष नरेश कुमार राणा की अध्यक्षता में सिंधु जल समझौता (इंडस वॉटर ट्रीटी) विषय पर एक महत्वपूर्ण स्टडी सर्कल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से सहायक प्रोफेसर अमित काम्बोज रहे, जिन्होंने सिंधु जल समझौते पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह समझौता भारत और पाकिस्तान के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों की दृष्टि से किया गया था, जिसमें विश्व बैंक ने मध्यस्थता की भूमिका निभाई थी। किंतु इस समझौते में भारत के साथ पानी के वितरण में पक्षपात किया गया, जिससे भारत को बहुत कम मात्रा में जल मिलने की व्यवस्था की गई, जबकि पाकिस्तान को अधिक जल आवंटित किया गया। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इस समझौते की पुनः समीक्षा करना आवश्यक है, ताकि देशहित में उचित निर्णय लिए जा सकें। वर्तमान परिस्थिति में सिंधु जल समझौता की पुनः समीक्षा कर देश हित में आगे कदम उठाये जाये। बता दें कि अधिवक्ता परिषद् करनाल इकाई ने सर्वप्रथम इस विषय पर हरियाणा में स्टडी सर्कल का कार्यक्रम किया है।

अधिवक्ता परिषद् करनाल इकाई द्वारा जिला अध्यक्ष नरेश कुमार राणा की अध्यक्षता में सिंधु जल समझौता (इंडस वॉटर ट्रीटी) विषय पर एक महत्वपूर्ण स्टडी सर्कल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रांत महामंत्री अधिवक्ता परिषद् हरियाणा अशोक सिरसी, न्यायप्रवाह प्रमुख कैलाश चौहान, जिला अध्यक्ष नरेश राणा, राहुल बाली, मुकेश रानी, रूबी शर्मा, रेखा कौशिक, प्रशांत पाहवा, रोबिन कैमला, यशबीर सिंह, योगिंदर मेहला, प्रदीप राणा, शक्ति सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

### विषय पर कूटनीतिक, कानूनी एवं तकनीकी स्तर पर गंभीरता से विचार करे भारत

प्रोफेसर अमित काम्बोज ने जोर देते हुए कहा कि वर्तमान वैश्विक एवं क्षेत्रीय परिस्थितियों, बदलते पर्यावरणीय परिदृश्य, पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय संबंधों की जटिलता, तथा भारत की बढ़ती जल आवश्यकता को देखते हुए इस समझौते की व्यापक समीक्षा आवश्यक हो गई है। काम्बोज ने सुझाव दिया कि यह समय की मांग है कि भारत इस विषय पर कूटनीतिक, कानूनी एवं तकनीकी स्तर पर गंभीरता से विचार करे, और यदि आवश्यक हो तो इस समझौते के प्रावधानों में संशोधन अथवा पुनः वार्ता की प्रक्रिया आरंभ करे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने देशहित में जल नीतियों की समीक्षा तथा सिंधु जल समझौते के व्यापक विश्लेषण पर संगठित रूप से विचार करने का संकल्प लिया।



# धर्मपाल चौधरी ने संभाला इंद्री बीईओ का कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

बीआरसी नीलोखेड़ी से पदोन्नत हुए धर्मपाल चौधरी ने इंद्री के खंड शिक्षा अधिकारी के रूप में पद ग्रहण किया। सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी राजपाल चौधरी सहित विभिन्न खंडों के प्रधानाचार्य और अध्यापक उन्हें पदग्रहण करवाने के लिए पहुंचे। इस मौके पर आयोजित स्वागत समारोह में बीईओ इंद्री की जिम्मेदारी संभाल रहे डॉ. गुरनाम सिंह मंढ़ाण, इंद्री के डीएसपी सतीश गौतम व अध्यापकों ने धर्मपाल चौधरी का पुष्प-गुच्छ और फूल मालाओं के साथ उनका जोरदार स्वागत किया।

नवनियुक्त बीईओ इंद्री धर्मपाल चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि अधिकारी के रूप में बच्चों की शिक्षा व स्कूलों के सुधार के लिए काम करना उनकी जिम्मेदारी है। बच्चों, अध्यापकों व कर्मचारियों के हित के लिए काम करने के लिए उनकी कलम चौबीस घंटे खुली है। उन्होंने स्कूल मुखियाओं और अध्यापकों को मन लगाकर अपने स्कूलों में काम करने का आह्वान करते हुए कहा कि उनके यहां मेहनत करने वालों को पूरा सम्मान दिया जाएगा। पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी राजपाल चौधरी ने कहा कि धर्मपाल एक अध्यापक व अधिकारी के रूप में उच्च आदर्शों पर चलने वाले व्यक्ति हैं। उन्होंने बीईओ के रूप में अपने अनुभव सांझा करते हुए कहा कि इंद्री की टीम बहुत मेहनती है। जिस उत्साह से नए बीईओ का स्वागत हो रहा है, उसी अनुपात में काम करना उनके लिए एक चुनौती भी होगी। इस मौके पर काफी संख्या मे अध्यापक व अधिकारी मौजूद रहे।

# 77 युवाओं सहित चार मूक बधिर बेरोजगार युवाओं को मिला रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



मंडल रोजगार अधिकारी राजेश सांगवान ने बताया कि रोजगार विभाग के मंडल रोजगार कार्यालय की ओर से कार्यालय परिसर में गत दिवस रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें सात नियोजकों सहित 100 रिक्तियों के लिए 180 युवाओं ने मेले में भाग लिया। मेले में 77 युवाओं का चयन किया गया।

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर अन्य पंजीकृत बेरोजगार युवाओं के साथ मूक बधिर संघ करनाल के बेरोजगार सदस्यों को भी भाग लेने का अवसर प्रदान किया गया तथा चार मूक बधिर युवाओं को मौके पर ही नौकरी भी प्रदान की गई। मेले के सफल आयोजन में आंकड़ा सहायक कपिल देव, जगमेंद्र, सविता, विरेन्द्र, कुमारी सोनिया, रोबिन, साहिल, बलविन्द्र, कुलदीप सिंह, राकेश कुमार, नरेंद्र व जसबीर का विशेष योगदान रहा।

# लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के घर पहुंचकर असम के मंत्री केशव महंत ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

- मंत्री केशव महंत ने असम के मुख्यमंत्री का शोक संदेश और 5 लाख रुपये की राशि का चेक परिवार को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



असम प्रदेश सरकार में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के मंत्री केशव महंत ने शुक्रवार को स्थानीय सेक्टर-7 में स्थित पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए स्वर्गीय लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के घर पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजली दी तथा परिवार के सदस्यों को सांत्वना दी। इस मौके पर मंत्री केशव महंत ने असम के मुख्यमंत्री हेमन्त बिस्व शर्मा की तरफ से भेजा गया शोक संदेश तथा असम सरकार की ओर से पांच लाख रुपये की राशि का चेक परिवार को दिया। मंत्री ने परिवार के सदस्यों से लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के बारे में विस्तार से पूछा और कहा कि दुख की इस घड़ी में असम सरकार भी परिवार के साथ है। मंत्री ने बताया कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जिन व्यक्तियों की मृत्यु हुई है, उन सभी के घर जाकर असम के मुख्यमंत्री हेमन्त बिस्व शर्मा की सरकार द्वारा शोक संदेश व आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया गया जिसके अनुसार असम सरकार के मंत्री तथा आईएएस स्तर का एक वरिष्ठ अधिकारी श्रद्धांजली तथा सहायतार्थ राशि देने के लिए जा रहे हैं। मंत्री केशव महंत ने लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के बारे में कहा कि अभी विनय नरवाल के जीवन की शुरुआत थी, उन्हें बहुत आगे जाना था। लेकिन इस घटना से विनय नरवाल सहित देश के कई लोग आतंकवाद के शिकार हो गए।

# श्री खाटू श्याम मंदिर में अपरा एकादशी पर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर मांगी मन्नतें

- अपरा एकादशी का व्रत करने से सभी कष्टों का होता है नाश : दीपक पांडे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



शुक्रवार को शहर की पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में अपरा एकादशी बड़े ही श्रद्धा व धूमधाम के साथ मनाई गई। एकादशी पर मंदिर व बाबा श्याम के स्वरूप को फूलों से सजाया और महकाया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से लेकर शाम तक मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। एकादशी के उपलक्ष्य में मंदिर में कीर्तन का आयोजन भी किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर कीर्तन का आनंद उठाया। कीर्तन के दौरान हुए गुणगान के माध्यम से श्रद्धालुओं को अपरा एकादशी महत्व बताया गया। मंदिर कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। वहीं अपरा एकादशी के उपलक्ष्य में ठंडे मीठे पानी की छबील भी लगाई गई। इस मौके पर पंडित दीपक पांडे ने अपरा एकादशी व्रत हिंदू धर्म में बड़ा महत्व रखता है। मंदिर कमेटी की तरफ से श्रद्धालुओं के लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाएं की जाती है।



### अध्यापिका ने अंकिता की हौसला अफजाई की

**नीलोखेड़ी।** आयान इंटरनेशनल स्कूल की अध्यापिका सीमा शर्मा ने करनाल विर्क अस्पताल में कार्यरत नर्सिंग सुपरवाइजर अंकिता को उनके साहस पूर्ण एवं मानवता के प्रतीक कार्य हेतु हौसलाअफजाई की।सीमा शर्मा ने कहा कि अंकिता ने न केवल उस नवयुवक की जान बचाई बल्कि उसपर निर्भर उसके परिजनों पर भी बड़ा उपकार किया जोकि अविस्मरणीय है।सीमा ने कहा कि आज के व्यस्त जीवन में किसी के पास समय नहीं है परन्तु अंकिता ने अपने बच्चे को छोड़ उस जीवन जरूरतमंद की जो सहायता की है इसे कभी भुलाया नहीं जा सकता और आज आमजन के लिए परोपकार का यह एक बड़ा उदाहरण है।उन्होंने कहा कि अंकिता के इस कार्य ने सम्पूर्ण नारी जाती का सम्मान बढ़ाया है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

# परिवार प्रबोधन के विषय पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



भारत विकास परिषद श्री राधाकृष्ण शाखा की महिला मंडल की बैठक महिला संयोजिका निधि चौधरी की अध्यक्षता में माडल टाउन स्थित कार्यालय में हुई। संपर्क संकल्प प्रकल्प के संयोजन समूह में निधि चौधरी, सरिता तनेजा, अनीता सिंह व मीनू सिंगला शामिल रहीं। मीटिंग में आगामी गतिविधियों पर चर्चा की गई। बैठक में तय किया गया कि आगामी माह में एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। परिवार प्रबोधन के विषय में भी एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सभी कार्यों के लिए रुचि अनुसार टोलियों का गठन किया गया ताकि कार्यों की गति को बढ़ाया जा सके। इस मौके पर जिला सह समन्वयक प्रियंका काठपाल ने कहा कि हमें घर में अपने बच्चों की देखभाल के साथ , सामाजिक कार्यों में भी भाग लेना चाहिए। हमें बालिकाओं के उत्थान के लिए निरन्तर कार्य करने की जरूरत है ताकि उनमें संस्कार व विश्वाश का संचार किया जाए। इस दौरान पर्यावरण सुरक्षित रखने के लिए पक्षियों के लिए 70 कसोरे वितरण का भी कार्यक्रम हुआ। सभी सदस्यों ने सकारात्मक माहौल में चर्चा की गई। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यहां प्रियंका काठपाल, निधि चौधरी, मीनू सिंगला, अनीता सिंह, सरिता तनेजा, कमलेश रोहिल्ला, सुमन, संगीता रोहिल्ला जी, उमा पाराशर, उर्मिला अरोड़ा, रंजना पुरी, रश्मि आर्य, उर्वशी भारद्वाज, रीमा व पायल मौजूद रहे।

## बुद्धा कॉलेज में विदाई समारोह का आयोजन

**करनाल।** बुद्धा कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन रम्बा करनाल में फाइन आर्ट्स, फैशन डिजाइनिंग, इंटीरियर डिजाइन एवं बीसीए के छात्रों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। बुद्धा कॉलेज के प्राचार्य डा. मौ. रिजवान, बुद्धा हायर एजुकेशन की प्राचार्य डॉ प्रीति गुणवाल, बुद्धा ग्रुप के एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर रजनीश शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। इस समारोह में सभी विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में , रेम्प वॉक, एकल डांस , सामूहिक डांस का आयोजन किया गया। गीत-संगीत व पंजाबी नृत्य के माध्यम से छात्रों ने समां बांध दिया।



### सीएम को महर्षि कश्यप के जीवन परिचय और उनकी सृष्टि सृजन प्रपत्र लेख सौंपा

**करनाल।** लाडवा में आयोजित राज्य स्तरीय महर्षि कश्यप जयंती समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को आल इंडिया कश्यप वेलफेयर सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप कश्यप ने प्रपत्र लेख दिया । इस प्रपत्र में महर्षि कश्यप जी के जीवन परिचय और उनके द्वारा की गई सृष्टि सृजन की जानकारी दी गई । अनूप कश्यप ने बताया कि मौजूदा समय में मानवता और भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए महर्षि कश्यप जी के बताए सूत्र अपनाने की आवश्यकता है । इसके लिए महर्षि कश्यप और उनके द्वारा रचित ग्रंथों को अध्ययन व शोध करने की जरूरत है । मंच से दिए संबोधन में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने महर्षि कश्यप जी पर शोध के लिए हरियाणा के एक विश्व विद्यालय में चेयर स्थापित करने की मांग स्वीकार की है ।

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष अभय सिंह चौटाला,कैबिनेट मंत्री व अन्य नेताओं ने विधानसभा अध्यक्ष की चाची के निधन पर किया शोक व्यक्त

**घरौंडा/ करनाल।** हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष व घरौंडा विधायक हरविन्द्र कल्याण की चाची स्वर्गीय श्रीमती गुरूबचनी देवी के निधन के बाद पूर्व नेता प्रतिपक्ष अभय सिंह चौटाला, कैबिनेट मंत्री महिपाल ढाण्डा, पूर्व मंत्री कर्ण देव कम्बोज,विधायक प्रमोद विज , विधायक रणधीर पनिहार, विधायक बिमला चौधरी, विधायक बीबी बत्रा , पूर्व विधायक नरेन्द्र सांगवान व अन्य गणमान्य लोगों ने उनके निवास स्थान कल्याण फार्म पर पहुंचकर शोक व्यक्त किया तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। कल्याण फार्म पर गणमान्य व्यक्तियों व प्रशासनिक अधिकारियों के आने का सिलसिला जारी है। बता दे कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गत दिवस हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण के चाचा स्वर्गीय श्री रणजीत सिंह कल्याण की धर्मपत्नी श्रीमती गुरु बचनी देवी के निधन पर उनके निवास स्थान कल्याण फार्म पहुंचकर शोक व्यक्त किया तथा शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।



**करनाल।** हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष व घरौंडा विधायक हरविन्द्र कल्याण की चाची के निधन पर शोकसभा में मौजूद नेतागण। *फोटो : हरिभूमि*

# खालसा कॉलेज के छात्र पर जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज करनाल

करनाल के खालसा कॉलेज में कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) की तैयारी कर रहे छात्र शुभम पर जानलेवा हमला किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। छात्र कॉलेज से छुट्टी के बाद हरियाणा रोडवेज की बस में सवार होकर अपने गांव लौट रहा था। बस में चढ़ते ही हथियारों से लैस छह से अधिक युवकों ने शुभम की पहचान कर उस पर हमला बोल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तलवार चौक, रेलवे पुल और बस स्टैंड से कुछ लड़के पहले से ही बस में सवार थे। शुभम जैसे ही बस में चढ़ा, उन्होंने उस पर हमला कर दिया। हमले में छात्र को गंभीर चोटें आईं। लोहे की सरिए, चाकू, डंडे, ईंट और पत्थरों से लैस युवकों ने नशे की हालत में छात्र को बेरहमी से पीटा। शुभम ने किसी तरह चाकू छीनकर जान बचाई, लेकिन फिर भी उसे सिर पर सरिए से वार किया गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गवाहों को भी धमकाया, हथियार दिखाकर किया पीछा।

### अस्पताल तक पहुंचे हमलावर, दी धमकी

गंभीर रूप से घायल शुभम को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हैरानी की बात यह रही कि हमलावर वहां भी पहुंच गए। उन्होंने शुभम को दोबारा धमकी दी और स्टेचर पर लात मारते हुए कहा, कि अगर पुलिस को कुछ बताया तो जान से हाथ धो बैठेगा।

### नगर निगम ने वार्ड 15 में नागरिकों की सुविधा को लगाया शिविर

# लाल डोरा क्षेत्रवासियों ने जमा करवाएं दस्तावेज, सत्यापन के बाद जारी किए जाएंगे सम्पत्ति प्रमाण पत्रः डॉ. वैशाली शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



नगर निगम करनाल की ओर से शुक्रवार को वार्ड नम्बर 15 में लाल डोरा क्षेत्र के लोगों के लिए एक शिविर आयोजित किया गया। शिविर में वार्ड 15, 16 के अतिरिक्त गांव दहा व फूसगढ़ के करीब 200 लोग आए। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि शिविर में आए नागरिकों को प्रॉपर्टी शाखा की टीम द्वारा एक फोर्म दिया गया, जिसके साथ दस्तावेज संलग्न कर लोगों ने उसे जमा करवाया। जिन लोगों के पास दस्तावेजों पूरे नहीं थे, उन्हें सोमवार को नगर निगम कार्यालय के 114 नम्बर कमरे में सभी सम्बंधित दस्तावेज लेकर आने को कहा गया है। इसके अतिरिक्त जिन लोगों को दस्तावेज मालूम नहीं थे, उन्हें दस्तावेजों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि अब सम्पत्ति कर शाखा द्वारा दस्तावेजों को सत्यापित किया जाएगा। इसके बाद एनडीसी पोर्टल पर उनकी सही जानकारी दर्ज कर उसे स्वयं सत्यापित करवाया जाएगा, जिसके बाद सम्बंधित लोगों को सम्पत्ति प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जो भी लोग नगर निगम कार्यालय में अपना फोर्म जमा करवाने आते हैं, तो वह अपना आधार कार्ड व परिवाहन पत्र पत्र की फोटोप्रति साथ लेकर अवश्य आएं। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा लाल डोरा क्षेत्र की करीब 1913 सम्पत्तियों को स्व सत्यापित किया जा चुका है, जबकि 1300 से अधिक लोगों को सम्पत्ति प्रमाण पत्र भी जारी किए जा चुके हैं। शेष लोगों को जल्द ही सम्पत्ति प्रमाण पत्र जारी कर दिए जाएंगे।

### यह देने होंगे दस्तावेज

उन्होंने बताया कि इसके लिए सम्बंधित नागरिक को राजस्व प्राधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित दावेदार का शपथपत्र जिसमें आबादी देह, लाल डोरा पर स्वामित्व या कब्जे का स्पष्ट उल्लेख हो, पिछले 10 वर्षों का बिजली व जल बिल, सरकार द्वारा जारी कोई भी दस्तावेज जैसे ईपीआईसी, ड्राईविंग लाईसेंस, पासपोर्ट, जीएसटी पंजीकरण प्रमाण पत्र इत्यादि जिसमें पता हो, पिछले 10 वर्षों के कब्जे का पता, पिछले 10 वर्षों के कब्जे का विवरण देने वाली सम्पत्ति कर रसीदें तथा निर्मित संरचना का प्रमाण जो पिछले 10 वर्षों के कब्जे का प्रमाण हो जैसे दस्तावेज लाने होंगे।

## खबर संक्षेप

### समिति ने जरूरतमंद बेटी की फीस दी

**पानीपत।** गरीब परिवार सहायता समिति द्वारा एक बच्ची का दाखिला कर उसकी पूरे वर्ष की पढ़ाई का खर्च उठाने की घोषणा की गई। बच्ची के परिवार वालों ने समिति के सदस्यों से संपर्क किया और बताया की वह अपनी बच्ची को पढ़ाने में असमर्थ हैं। जबकि उनकी बच्ची पढना चाहती है। जिसके बाद समिति के सदस्यों ने जांच उपरांत एसडीवीएम स्कूल में गये व बच्ची का एडमिशन 11वीं में करवाया।

### कश्यप जयंती के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर आज

**पानीपत।** महर्षि कश्यप जयंती के पावन अवसर पर हैदराबादी अस्पताल में रक्तदान महादान शिविर का आयोजन 24 और 25 मई को किया जाएगा। वहीं आयोजकों ने युवाओं से अपील की कि वे मानवता के लिए अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करें। रक्तदान करने से शरीर की इम्यूनिटी बढती है और रोगों से बचाव होता है।

### गढ़ी बेसिक में मेधावी विद्यार्थी पुरस्कृत

**पानीपत।** पानीपत के गांव गढ़ी बेसिक व पत्थरगढ़ के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 10 वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम में मेरिट प्राप्त करने वाले मेद्यावी विद्यार्थियों को फूल मालाएं पहना कर, मिठाई खिला कर व उपहार देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर एसडीओ जिला परिषद नीरज मित्तल, मिर्जा मुलतानी वेलफेयर सोसाइटी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष हाजी गफ्फार, समाजसेवी सनवर खान, मुकेश वशिष्ठ व प्रधानाचार्य पवन अत्री आदि उपस्थित रहे।

### धमीजा कॉलोनी में मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना तहसील कैंप पुलिस ने धमीजा कॉलोनी में कार सवार राजेश व परजीत को गंभीर चोट मारने के मामले में फरार चल रहे सातवें आरोपी तहसील कैंप निवासी विकास पुत्र मुकेश को गिरफ्तार किया है। वहीं थाना तहसील कैंप प्रभारी राजीव ने बताया कि इस मामले पहले गिरफ्तार हो चुके छह आरोपी हरदीप निवासी प्रकाश नगर, रजनीश व प्रमोद निवासी विकास नगर, संजय निवासी इंसार मार्केट, यशपाल व रवि निवासी सुभाष नगर पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### विजेता छात्राओं का स्वागत किया

**पानीपत।** मध्य प्रदेश के पंचम गढ़ी में आयोजित नेशनल एडवेंचर कैंप में गांव जलमाना स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की 21 छात्राओं ने भाग लिया। उनके साथ अध्यापिका रेखा और महीपाल भी मौजूद रहे। कैंप में स्कीट में प्रथम स्थान और ग्रुप डांस में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय की छात्राओं का विद्यालय में पहुंचने पर प्राचार्या ज्ञानी राम कौशिक व स्कूल स्टाफ सदस्यों ने भव्य स्वागत किया और उज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

### शिक्षा मंत्री ने जनसुनवाई की

**पानीपत।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस पानीपत में जनता दरबार का आयोजन किया। वहीं जनता दरबार में बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याओं को पहुंचे। मंत्री ढांडा ने सभी नागरिकों की समस्याओं को सुना और संबंधी विभाग के अधिकारी को समस्या के निराकरण के आदेश दिए।

## सार्वदेशिक आर्य वीर दल योग एवं जीवन निर्माण शिविर का समापन

# विश्व में सबसे प्राचीन व महानतम है भारत की सत्य सनातन वैदिक संस्कृतिः आर्य

इस संस्कृति में आध्यात्मिक ज्ञान को ही नहीं विज्ञान को भी सबसे महत्वपूर्ण माना गया है।

- बुढशाम के राजकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा के अंतरंग सदस्य रणदीप आर्य को स्मृति चिंह भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

पानीपत के गांव बुढशाम के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में सर्वदेशिक आर्य वीर दल योग एवं जीवन निर्माण शिविर का समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा रोहतक हरियाणा शिक्षा विभाग और ग्राम पंचायत बुड़शाम की ओर से पूर्ण सहयोग दिया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा रोहतक के अंतरंग सदस्य और आर्य बाल भारती के प्रधान रणदीप आर्य रहे। समारोह की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा ने की विद्यालय के प्राचार्या सुनीता रानी ने इस कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। समाजसेवी राहुल आर्य ने कार्यक्रम में पहुंचने पर सभी का स्वागत किया। योग शिक्षक प्रवीण आर्य ने सभी का आभार व्यक्त किया। वहीं, कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र के साथ हुआ और शांति पाठ के साथ ही यह समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा के वेद प्रचारक रामनिवास आर्य ने भजनों के माध्यम से वैदिक प्रचार किया। वहीं, मुख्य अतिथि रणदीप आर्य ने कहा कि भारत की सत्य सनातन वैदिक संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति है। इस संस्कृति में आध्यात्मिक ज्ञान को ही नहीं विज्ञान को भी सबसे महत्वपूर्ण माना गया है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति ऋतुचार्य के अनुसार अपनी दिनचर्या बना लेते हैं और प्रतिदिन योग और ध्यान योग करते हैं वह लंबा एवं स्वस्थ्य जीवन जीता है। उन्होंने कहा कि योग से जहां तन मन स्वस्थ रहता है वहीं योग के माध्यम से आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का अवसर भी मिलता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा रोहतक की ओर से संचालित सभी आर्य शिक्षण संस्थानों में जहां दिन की शुरुआत वैदिक यज्ञ के साथ की जाती है वहीं समय-समय पर योग शिविर और आर्यवीर दल के शिविर लगाकर छात्रों को जहां वैदिक संस्कृति से रूबरू करवाया जाता है।

### आर्य का अर्थ होता है श्रेष्ठ

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बाल्य काल में ही भारत की महान वैदिक संस्कृति, देश भक्ति और राष्ट्रवाद की भावना से औतप्रोत करने का कार्य भी किया जाता है। उन्होंने कहा कि आर्य का अर्थ श्रेष्ठ होता है इसलिए हमारे विद्यालय में जहां अध्यापक श्रेष्ठ हो वहीं विद्यार्थियों का ज्ञान और उनका चरित्र भी श्रेष्ठ होना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या सुनीता रानी, अध्यापकगण, गैर शैक्षिक स्टाफ, विद्यार्थी व अभिभावक उपस्थित रहे।



**पानीपत।** प्रधानमंत्री आवास योजना चेक वितरण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक प्रमोद विज, मेयर कोमल सैनी और उपस्थित योजना के पात्र नागरिक।

# मोदी व नायब सैनी सरकार निर्धन वर्ग की हितैषीः कोमल

- पीएम आवास योजना की 101 पात्रों को विधायक व मेयर ने चेक भेंट किए

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में नगर निगम के तत्वावधान में प्रधानमंत्री आवास योजना के 101 पात्रों को शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में शहरी विधायक प्रमोद विज और मेयर कोमल सैनी, भाजपा नेता हरपाल ढांडा ने चेक वितरित कर पैसे का सदुपयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में 10 लाल डोरा से संबंधित प्रमाण पत्र भी वितरित किए। मेयर कोमल सैनी ने इस पैसे को मकान बनाने के कार्य के लिए खर्च करने की बात करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने हमेशा गरीबों की मदद की है। हमें इस बात को हमेशा याद रखना चाहिए। निगम कमिश्नर डॉ पंकज ने कार्यक्रम में पहुंचे पीएम आवास योजना के पात्रों को योजना की जानकारी दी व इसका सदुपयोग करने का आह्वान किया। शहरी विधायक प्रमोद विज ने कहा कि 101 पात्र लोगों को पहली व दूसरी किस्त दी गई है। यह सरकार का गरीबों के लिए मकान बनाने का एक तरह से तोहफा ही है। मेयर कोमल सैनी ने कहा कि गरीबों के सपनों की शुरुआत हो रही है। हमें बहुत खुशी हो रही है कि हम इसमें गरीबों की मदद कर रहे हैं। इस मौके पर निगम आयुक्त डॉ पंकज यादव, निगम संयुक्त आयुक्त डॉ संजय, मणि त्यागी के अलावा बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र उपस्थित रहे।

# भारतीय सेना के शौर्य का साक्ष्य है ऑपरेशन सिंदूर

- ग्रामीण हलके की कालोनियों में निकाली गई विशाल तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** तिरंगा यात्रा में भाजपा नेता हरपाल ढांडा का स्वागत करते हुए पार्षद कोमल पांचाल, व इशम पांचाल आदि। फोटो : हरिभूमि

पानीपत में भाजपा बबैल मंडल द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा की शुरुआत हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के बड़े भाई हरपाल ढांडा द्वारा नूरवाला स्थित राजकीय उच्च विद्यालय के प्रांगण से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया गया। यात्रा हरि सिंह कॉलोनी होते हुए हरिसिंह चौक, जावा कॉलोनी, मोतीराम कॉलोनी, धमीजा कॉलोनी, गीता कॉलोनी से होते हुए गांव नूरवाला में सनातन धर्म मंदिर के सामने संपन्न हुई। जिसमें बबैल मंडल के प्रधान जसविंदर चहल, मंडल महामंत्री विजेंद्र पांचाल, पार्षद पति अनिल शर्मा, भूपेंद्र बालियान, भूपेंद्र पांचाल, मन की बात के संयोजक रविंद्र पांचाल, सुदर्शन पाराशर, काबड़ी मंडल प्रधान अतर सिंह प्रजापति, प्रदीप उपाध्याय, तरुण तावड़ा, मनोज पांचाल, प्रमोद पेंटर, सुरेंद्र परूथी, संजय त्यागी, मोहर सिंह सैनी, सचिन पाल, विनोद सैन, सुनील शर्मा जितेंद्र पटवा, मांगा सैन, देवेन्द्र संधु, गुलशन कुमार, राजपाल, गुलाब पांचाल, रिंकू सेन, विजय मेहता आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे। हरि सिंह कॉलोनी में महेंद्र गोयल ने तिरंगा यात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पार्षद कोमल पांचाल ने अपने कार्यालय पर तिरंगा यात्रा का स्वागत किया।

*मंत्री ने मन की बात को लेकर की बैठक*

# मन की बात में सामाजिक सरोकारों की चर्चा करते हैं मोदीः ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** भाजपा की बैठक को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा।

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सामाजिक सरोकारों की चर्चा करते हैं जिससे समाज को बहुत बड़ा लाभ होता है। प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम में रोजगार के नए-नए अवसरों की भी चर्चा करते हैं साथ ही देश में हो रही उपलब्धियां को के बारे में भी देश से बात करते हैं। ये शब्द शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस पर पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष व महामंत्री तथा मन की बात मंडल संयोजकों की बैठक को संबोधित करते हुए कहे। मंत्री ढांडा ने कहा कि हम सबको मन की बात जरूर सुननी चाहिए और इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बताई गई बातों पर अमल करना चाहिए। वहीं, बैठक की अध्यक्षता करते हुए विधानसभा संयोजक डॉ राजवीर आर्य ने कहां के हम सब मन की बात कार्यक्रम को सुन तथा सरल एप पर लोड अवश्य करें। मन की बात केवल कार्यक्रम नहीं अपितु यह बदलाव की अच्छी मुहिम है।

## गणमान्य लोगों ने बधाई दी

# जाट महासभा पानीपत के जिलाध्यक्ष बने बृजपाल बिंटू



**पानीपत।** पानीपत के गांव उग्राखेडी के पूर्व सरपंच एवं समाजसेवी बृजपाल बिंटू मलिक को अखिल भारतीय जाट महासभा का जिला प्रधान बनाया गया है। जाट महासभा के जिला प्रधान बने बिंटू मलिक को जिलाभर से अनेकों गणमान्य लोगों ने बधाई दी है। वहीं बिंटू मलिक ने अपनी नियुक्ति पर अखिल भारतीय जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह, राष्ट्रीय महासचिव युद्धवीर सिंह व हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सूरा का आभार व्यक्त किया है। बिंटू मलिक ने महासभा का जिला प्रधान बनने पर कहा कि पानीपत जिला में जाट समाज के लोगों को महासभा से जोडा जाएगा और जिला में महासभा का मजबूत संगठन तैयार करेंगे। उन्होंने कहा कि जाट महासभा के माध्यम से समाज में फैली कुरीतियों को दूर करेंगे और सामाजिक कार्यो में बढचढ कर भाग लेंगे। बता दे कि बिंटू मलिक भाकियू के पूर्व जिला उपप्रधान भी रहे है और सामाजिक कार्यों बढ चढ कर भाग लेते रहे है।

# सिखों के पांचवें गुरु अर्जन देव ने की थी श्री सुखमणि साहिब की रचना : सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा



**समालखा।** गुरुद्वारा मॉडल टाउन में श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटते हुए प्रिंस सिंह।

गुरुद्वारा माडल टाऊन में सिखों के पांचवें गुरु अर्जन देव का शहीदी दिवस तीस मई को मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में संगत द्वारा किए जा रहे श्री सुखमणि साहिब के पाठ बत्तीसवें दिन भी जारी रहा। वहीं, श्री सुखमणि साहिब के पाठ व प्रसाद की सेवा प्रिंस सिंह परिवार की तरफ से की गई। गुरूद्वारा प्रधान जगतार सिंह बिल्ला ने बताया कि संगत ने गुरु अर्जन देव से मानवता पर कलयुग के भयावह प्रभाव से बचने का उपाय पूछा। उनके अनुरोध पर एक सुबह गुरुजी ने सरोवर रामसर के पास श्री सुखमणि साहिब लिखी। इसका मुख्य उद्देश्य अपने सिखों में निडरता लाना था। इस अवसर पर श्याम सिंह, तिलक चौपड़ा, जीवन सिंह, कशीश मल्होत्रा, मनजीत कौर, रितु अरोड़ा, राज रानी, सीमा अरोड़ा, हरकृष्ण कौर, रुबी कौर, भूपिंद्र कौर, गुलशन कौर, सरोज देवी, मेहा मनचंदा समेत बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# नाटक का मंचन कर दिया शिक्षित होने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा

हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति द्वारा शिक्षा बचाओ अभियान के तहत दस दिनों के लिए नाटक जत्था आयोजित किया जा रहा है।

इस नाटक जत्थे द्वारा राजकीय विद्यालय गांव मनाना में ले किताबें चल पड़े हैं नाटक की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल की प्रिंसिपल सरिता ने किया। समिति के सदस्य डॉ. शीशपाल ने बताया कि नाटक के माध्यम से पानीपत जिले में बच्चों को शिक्षित कराने के प्रति अभिभावकों को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि एसएमसी यानी स्कूल प्रबंधन समिति को मजबूत करते हुए शिक्षक और अभिभावकों के रिश्ते को मजबूत करने की जरुरत है। तभी सरकारी स्कूलों को बेहतर बनाया जा सकता है।

इधर, रिंकू, पुष्पा, अशोक, सुमन, टैग आर्ट ग्रुप से नाटक के डायरेक्टर प्रवेश त्यागी, विनय, सुधांशु, लक्की, अंशु, काजल, सूरज, मुस्कान आदि ने नाटक का मंचन किया।

# कप्तान ने एसपी कार्यालय का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण करते हुए एसपी भूपेंद्र सिंह।

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय की प्रवाचक शाखा, सेना क्लर्क शाखा व सुरक्षा शाखा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंन कार्यप्रणाली व रिकार्ड का बारीकी से अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं, एसपी सिंह ने निरीक्षण के दौरान शाखा में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति, व्यवहार व कार्यक्षमता की भी समीक्षा की। प्रवाचक शाखा व सेना क्लर्क शाखा में रिकार्ड का अवलोकन कर इसे दुरूस्त रखने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा शाखा मे तैनात कर्मचारियों से विदेशी नागरिकों एवं पासपोर्ट व अन्य प्रकार की होने वाली पुलिस वेरिफिकेशन की कार्य प्रणाली का बारिकी से अवलोकन कर निर्देश दिए की सभी वेरिफिकेशन तय समय में पूरी करवाकर भेजे। आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। आमजन को मिलने वाली सभी प्रकार की सेवाओं को तय में पूरा कर उसका लाभ दे। इस दौरान डीएसपी सतीश वत्स भी उनके साथ मौजूद रहें।

### शिव महापुराण कथा में शिव सती विवाह का प्रसंग सुनाया

**पानीपत।** पानीपत के सनौली खुर्द गांव के श्री शिव मंदिर में चल रही श्री शिव महापुराण कथा में पीठाधीश्वर श्रीरामकृष्णाचार्य ने शिव सती विवाह का प्रसंग श्रवण करवाया। महाराजश्री ने कहा कि जो भी व्यक्ति माता सती के पावन चरित्र को सुनता हो उसका जन्म सफल हो जाता है। वहीं, प्रत्येक व्यक्ति को माता पार्वती और भगवान शिव को अपने माता पिता मान कर एवं माता पिता को ही शिव सती मान कर पूजा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान शिव व माता सती श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है।

### विधवा अनुदान योजना का लाभ लें

**पानीपत।** सरकार द्वारा महिलाओं को सशक्त, स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। सरकार की ओर से हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से महिलाओं के उत्थान व स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता प्रदान कर रही है।

### बीईओ ने पौधे रोपे

**पानीपत।** शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा जारी खंड शिक्षा अधिकारियों की पदोन्नति सूची में पानीपत खंड के नवनियुक्त बीईओ बिक्रम सहरावत ने पानीपत ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी के रूप में पदभार व कार्यभार पौधारोपण कर ग्रहण किया। कार्यालय पहुंचने पर स्टाफ सदस्यों द्वारा तिलक लगाकर, फूल मालाओं और बुके देकर बीईओ सहरावत का स्वागत किया।

# पानीपत इंडस्ट्री को मजबूत सुरक्षा की जरूरतः धमीजा

- इंडस्ट्री की सुरक्षा को लेकर सेमिनार का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत के टेक्सटाइल एक्सपोर्टर सेमिनार में भाग लेते हुए।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पानीपत इंडस्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड के पाकिस्तान आतंकी के साथ लिंक मिलने बाद पानीपत के उद्यमी असहज है। वहीं पाकिस्तान और बांग्लादेश हैकरों द्वारा कई इंडस्ट्री को हैक करने की चेष्टा की गई। उपरोक्त घटनाओं को ध्यान में रखते हुए पानीपत इंडस्ट्री को सिक्योरिटी देने के लिए बीएसआई व व्रैप कंपनी द्वारा शुक्रवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में पानीपत की इंडस्ट्री तेज गति से आगे कैसे बढ़े उसके लिए भी कंपनी द्वारा ऑडिट के जरिये कई प्रमाण पत्रों से छुटकारा कैसे मिलेगा उसकी जानकारी दी गई। इधर, हरियाणा चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विनोद धमीजा ने बताया कि बीएसआई व व्रैप कंपनी द्वारा ऑडिट सेमिनार का आयोजन करवाया गया, इस सेमिनार की उद्यमियों को बहुत आवश्यकता थी। उन्होंने बताया कि इस सेमिनार में मल्टीपल ऑडिट को खत्म कर केवल एक ऑडिट करवा कर व्यापर को तेज गति से आगे बढ़ा सकते हैं। धमीजा ने बताया कि यदि आप कंपनी के द्वारा बताए गए सिस्टम में आते हैं तो आपका व्यापार भी तेज गति से बढ़ेगा व प्रत्येक एक्सपोर्ट हाउस को अलग अलग प्रमाणीकरण पत्र नहीं लेना पड़ेगा, बल्कि एक ही प्रमाणीकरण पत्र की आवश्कता रहेगी। एक्सपोर्ट एसोसिएशन के प्रधान ललित गोयल व पानीपत उद्योगपति राजीव अग्रवाल ने बताया कि हर बायर्स को एक सर्टिफिकेशन की आवश्यकता होती है उसके लिए अलग-अलग इंडस्ट्री को अलग-अलग सर्टिफिकेशन लेने पड़ते हैं लेकिन व्रैप के आने से सभी प्रमाण पत्र से छुटकारा मिलेगा और बीएसआई कंपनी केवल एक सर्टिफिकेट देगी जो की आने वाले व्यापार के लिए बहुत ही लाभदायक होगा।

### कोई हैक नही कर सकता

बीएसआई कंपनी की सोशल हेड शम्मी ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पानीपत की एक इंडस्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड के पाकिस्तानी में बैठे आतंकी से लिंक थे तो इंडस्ट्री पर सिक्योरिटी का खतरा मंडराने लगा। उन्होंने बताया कि बीएसआई कंपनी सोशलिस्ट, सिक्योरिटी व एनवायरमेंटल सिक्योरिटी प्रदान करती है के लिये सेफगार्ड का काम करती है। शम्मी ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इंडस्ट्री को हैक करने का प्रयास किया था उन्होंने जानकारी दी कि प्रत्येक इंडस्ट्री हमारे सिस्टम में आती है तो कोई भी हैक नहीं कर सकता क्योंकि हैक करते ही सारा डाटा क्रैश हो जाएगा।

**बेदखली सूचना**

हम, अफजाल अहमद पुत्र शौकत अली व जराना खातून पत्नी अफजाल अहमद निवासी मकान नं.990/17, पुरेवाल कॉलोनी, वार्ड नं.3, तहसील व जिला पानीपत ब्यान करते है कि हमारा पुत्र मोहम्मद अरमान हमारे कहने सुनने से बाहर है व किसी लडकी के चक्कर में पडा हुआ है और अपनी मनमानी करता है। इसलिए हम उसको अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करते है। भविष्य में उससे लेन देन करने वाला या वह कोई गैर कानूनी कार्य करता है तो उसका वह स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी कोई जिम्मेदारी नही होगी। **शपथकर्ता**

**न्यायालय तहसीलदार-कम-संयुक्त-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

विरेन्द्र नाथ पुत्र शंकरदास पुत्र गंगाराम व ज्ञानचन्द देवराज - सतीश कुमार, अशोक कुमार

**बनाम/जनरल पब्लिक**

**वसीयत का इन्काल करने बारे नोटिस**

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कौशल्या देवी पुत्री कंवरभान निवासी पानीपत बजरिये मुख्तयारे आम शंकरदास पुत्र गंगाराम बरुये मुख्तयारे आम नम्बर 123 दिनांक 14.05.1958 व ज्ञानचंद - देवराज - सतीश कुमार - अशोक कुमार पुत्रान हुक्मचन्द पुत्र गंगाराम मुख्तयारे आम नं० 122 दिनांक 10/05/1958 ने अपने जीवन काल में वसीका नम्बर 3995 दिनांक 14/12/1979 सब रजिस्ट्रार पानीपत द्वारा करण सिंह पुत्र छोटाराम पुत्र चन्दन कश्यप राजपूत के हक में पंजीकृत की हुई है। उपरोक्त बायाना में से श्रीमती कौशल्या देवी पुत्री कंवरभान का स्वर्गवास होने के बाद जबानी वसीयत नामा दिनांक 18/09/1988 व इन्तकाल नम्बर 3628 की रूह से शंकरदास पुत्र गंगाराम पुत्र भानूमल बन गया व इसके बाद शंकरदास का स्वर्गवास तथा इसके उपरान्त रजिस्ट्रड वसीयत नंबर 198 दिनांक 27/03/1989 इंतकाल नम्बर 4831 पर विरेन्द्रनाथ पुत्र शंकरदास पुत्र गंगाराम मालिक अराजी है। इस प्रकार अब उपरोक्त वसीका का इन्तकाल विरेन्द्रनाथ पुत्र शंकरदास पुत्र गंगाराम व ज्ञानचन्द - देवराज-सतीश कुमार - अशोक कुमार पुत्रान हुक्मचंद पुत्र गंगाराम की तरफ से करन सिंह पुत्र छोटाराम पुत्र चंदन कश्यप के नाम दर्ज होकर मंजूर होना है। इसलिए इस नोटिस के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वसीयत के इन्तकात का फैसला होने पर किसी भी व्यक्ति को या वारिस को या अन्य किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति किसी भी कार्य दिवस में असालतन या वकालतन इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-2 अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में पेश कर सकते हैं। बाद गुजरने मियाद उक्त वसीयत का इन्तकाल नियमानुसार कर दिया जायेगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 19.05.25 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

तहसीलदार-कम-संयुक्त सब-रजिस्ट्रार पानीपत

**न्यायालय तहसीलदार-कम-संयुक्त-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

विरेन्द्र नाथ पुत्र शंकरदास पुत्र गंगाराम व ज्ञानचन्द देवराज - सतीश कुमार, अशोक कुमार

**बनाम/जनरल पब्लिक**

**वसीयत का इन्काल करने बारे नोटिस**

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कौशल्या देवी पुत्री कंवरभान निवासी पानीपत बजरिये मुख्तयारे आम शंकरदास पुत्र गंगाराम बरुये मुख्तयारे आम नम्बर 123 दिनांक 14.05.1958 व ज्ञानचंद - देवराज - सतीश कुमार - अशोक कुमार पुत्रान हुक्मचन्द पुत्र गंगाराम मुख्तयारे आम नं० 122 दिनांक 10/05/1958 ने अपने जीवन काल में वसीका नम्बर 4169 दिनांक 21/02/1973 सब रजिस्ट्रार पानीपत द्वारा रामफल पुत्र महासिंह पुत्र महलाराम के हक में पंजीकृत की हुई है। उपरोक्त बायाना में से श्रीमती कौशल्या देवी पुत्री कंवरभान का स्वर्गवास होने के बाद जबानी वसीयत नामा दिनांक 18/09/1988 व इन्तकाल नम्बर 3628 की रूह से शंकरदास पुत्र गंगाराम पुत्र भानूमल बन गया व इसके बाद शंकरदास का स्वर्गवास तथा इसके उपरान्त रजिस्ट्रड वसीयत नंबर 190 दिनांक 27/03/1989 इंतकाल नम्बर 4831 पर विरेन्द्रनाथ पुत्र शंकरदास पुत्र गंगाराम मालिक अराजी है। इस प्रकार अब उपरोक्त वसीका का इन्तकाल विरेन्द्रनाथ पुत्र शंकरदास पुत्र गंगाराम व ज्ञानचन्द - देवराज-सतीश कुमार - अशोक कुमार पुत्रान हुक्मचंद पुत्र गंगाराम की तरफ से रामफल पुत्र महासिंह पुत्र महलाराम के नाम दर्ज होकर मंजूर होना है। इसलिए इस नोटिस के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वसीयत के इन्तकात का फैसला होने पर किसी भी व्यक्ति को या वारिस को या अन्य किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति किसी भी कार्य दिवस में असालतन या वकालतन इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-2 अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में पेश कर सकते हैं। बाद गुजरने मियाद उक्त वसीयत का इन्तकाल नियमानुसार कर दिया जायेगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 19.05.25 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया। तहसीलदार-कम-संयुक्त-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।

## खबर संक्षेप

### लूट के मामले में तीन गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज लूट के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी मोहित कुमार व विकास कुमार तथा विजय को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को दो दिन के रिमांड पर लिया है। पतरेहड़ी के किरणपाल ने 11 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि वह साहा से अंबाला छावनी की तरफ अपना ऑटो लेकर जा रहा था। गांव तेपला से थोड़ा पहले एक जंगल के पास वह अपना ऑटो खड़ा करके टॉयलेट के लिए चला गया। तब एकदम से तीन मोटरसाइकिल सवार लड़के आए।

### चोरी के मामले में आरोपी किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी प्रद्मन को गिरफ्तार किया है। बड़ी रसौर के रहने वाले कृष्ण लाल ने 22 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 18 मई 2025 को गांव बड़ी रसौर में स्थित शिव मंदिर में बने माता बाला सुंदरी मंदिर का शीशा तोड़ कर चांदी का हार व नकद राशि चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### समाधान शिविर सार्थक पहल

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि समाधान शिविर सरकार द्वारा शुरू की गई सार्थक एवं सराहनीय पहल है जिसका मुख्य उदेश्य आम लोगों की समस्याओं का समयबद्ध तरीके से जल्द समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर मे पंहुचे प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका तय समय मे जल्द समाधान करवाया जाए। भरसक प्रयास रहे कि लोगों कि समस्याओं का मौके पर निपटान करवाया जाए।

### नाले-नालियों की हो सफाई

**अंबाला।** आगामी मानसून के दृष्टिगत जिले में बाढ़ रोकथाम व जल भराव जैसी स्थिति से निपटने की तैयारियों को लेकर उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने शुक्रवार को अपने कार्यालय के सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। तोमर ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आगामी मानसून को लेकर सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ जिले में जल भराव जैसी स्थिति से निपटने को लेकर सभी तैयारियां समय रहते पूरी करवाना सुनिश्चित करें।

### योग दिवस की तैयारियां जोरों पर

**अंबाला।** 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 को पूरे विश्व भर मे मनाया जाएगा। इसके तहत आयुष विभाग के निर्देशानुसार एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में कार्यक्रमों को भव्य तरीके से मनाने को लेकर जिला प्रशासन व विभागीय अधिकारियों द्वारा सभी तैयारिया जोरों पर हैं।

### 27 को होगी सांझी सभा की मीटिंग

**बराड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एवं प्राथमिक पाठशाला थम्बड में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो चुकी है। नए सत्र के साथ ही विद्यालय में सांझी सभा के गठन की तैयारियाँ भी पूर्ण हो चुकी हैं। इस संबंध में विद्यालय की प्रधानाचार्या मनभावनी भल्ला ने जानकारी दी कि 27 मई 2025 को विद्यालय परिसर में एक बैठक का आयोजन किया जाएगा।

---

तीन घंटे ट्रेन लेट होने से गुस्साए यात्री, रेलवे के खिलाफ यात्रियों ने की नारेबाजी

# वंदे भारत रोककर जबरन घुसने का प्रयास, रोकने पर ट्रैक किया जाम

ट्रेन के लगातार लेट होने से ड्यूटी व उपचार के लिए नहीं पहुंच पा रहे हैं यात्री, रेलवे अधिकारियों ने समस्या के समाधान का दिया आश्वासन



**अंबाला।** अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर खड़ी वंदे भारत ट्रेन व हंगामा करते यात्री।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर लगातार दैनिक यात्रियों ने ट्रेनों की लेटलतीफी को लेकर हंगामा किया। शुक्रवार को तो ट्रेन लेट होने से गुस्साए यात्रियों ने वंदेभारत एक्सप्रेस रोक दी। यात्री इस ट्रेन में जनरल टिकट पर ही जबरदस्ती चढ़ना चाहते थे। हालांकि इस ट्रेन में बिना रिजर्वेशन के यात्रा नहीं की जा सकती है। इस दौरान रेलवे कर्मचारियों ने यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने से रोक दिया। तब गुस्साए यात्री रेलवे ट्रैक पर उतर आए। यात्रियों ने वंदेभारत के आगे खड़े होकर रेलवे के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरा ट्रेन को आगे बढ़ने नहीं दिया गया। करीब 20 मिनट तक स्टेशन पर जमकर हंगामा हुआ। इसी दौरान दूसरे ट्रैक पर दुर्ग एक्सप्रेस आई तो यात्रियों ने उसे भी रोक दिया।

इसके बाद रेल अधिकारियों ने यात्रियों को समझाकर किसी तरह वंदेभारत और उधमपुर से आई दुर्ग एक्सप्रेस को 18 मिनट की देरी से से रवाना किया। यात्रियों का आरोप है कि ट्रेन लेट होने की वजह से वह ड्यूटी पर टाइम से नहीं पहुंच पा रहे। दरअसल रेलवे की ओर से अंबाला से हिमाचल प्रदेश के इंदौरा (कांगड़ा) के लिए लोकल रूट पर मेमू ट्रेन (64563) चलाई जाती है। यह ट्रेन अंबाला कैंट से वाया चंडीगढ़ होकर इंदौरा आती-जाती है। चंडीगढ़ में नौकरी करने वाले या पीजीआई में इलाज के लिए जाने वाले लोग इसी में जाते हैं। 6 दिन पहले रेलवे ने इस ट्रेन को अंबाला से एक्सटेंड कर हिसार के रायपुर तक कर दिया। जिसके बाद ट्रेन अब वाया चंडीगढ़ और अंबाला कैंट होते हुए हिसार के रायपुर से हिमाचल के इंदौरा तक चलने लगी। यात्रियों का कहना है कि इस ट्रेन का अंबाला कैंट में पहुंचने का समय सुबह 7.30 बजे का है। जिसमें बैठकर वह ड्यूटी पर चले जाते थे। यात्रियों ने कहा कि चूंकि यह लोकल ट्रेन है, इसलिए इस पर सुपरफास्ट और एक्सप्रेस ट्रेनों को तरजीह दी जाती है। इसे रोककर उनका रूट क्लियर करा दिया जाता है। जिस वजह से यह ट्रेन लगातार लेट हो रही थी। 22 मई को यह ट्रेन 15 से 20 मिनट लेट हुई। जिसके बाद भी यात्रियों ने प्लेटफॉर्म पर हंगामा किया। उनका कहना था कि ट्रेन में देरी की वजह से वह टाइम पर ड्यूटी पर नहीं पहुंच पाते।

#### तीन घंटे लेट हुई तो यात्री भड़क गए

यात्रियों के मुताबिक शुक्रवार को यह लोकल ट्रेन 3 घंटे लेट हो गई। जिस वजह से वह ड्यूटी पर नहीं जा सके। सुबह करीब 8 बजे नई दिल्ली से इंदौरा जाने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस (22447) अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर पहुंची। लोकल ट्रेन लेट होने की वजह से यात्रियों ने कहा कि उन्हें वंदेभारत में ही जाने दिया जाए। वह भी वाया चंडीगढ़ होकर जाती है। हालांकि वंदेभारत रिजर्वेशन वाली ट्रेन है, इस वजह से रेलकर्मियों ने इनकार कर दिया। यात्री सुनील, धर्मवीर व ललित ने बताया कि लोकल ट्रेन के देरी से आने के कारण वह अपनी ड्यूटी पर लेट हो रहे थे। शुक्रवार को भी उनकी ट्रेन को बीच रास्ते रोककर नई दिल्ली-इंदौरा वंदेभारत को पास करवाया गया। इससे उनकी ट्रेन फिर लेट हो गई। यात्रियों ने जबरन वंदेभारत का गेट खोलने की कोशिश की। जब वे कामयाब नहीं हुए तो सभी यात्री रेलवे ट्रैक पर उतर आए। उन्होंने नारेबाजी करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। यहां वंदेभारत का 2 मिनट का स्टॉपेज है। जब ट्रेन को चलाने की कोशिश हुई तो यात्री उसके आगे खड़े हो गए। उन्होंने वंदेभारत को आगे नहीं जाने दिया। मौके पर हंगामा मचते ही पुलिस और रेलवे के अधिकारी पहुंच गए। रेल अधिकारियों को यात्रियों ने अपनी मुश्किल बताई। इसके बाद अधिकारियों ने कहा कि कल से वह लोकल ट्रेन को समय पर चलाएंगे ताकि यात्रियों को किसी तरह की मुश्किल न हो। कुछ देर की बहस के बाद यात्री मान गए और उन्होंने रेलवे ट्रैक खाली कर दिया।

---

# जमीन खाली करने वाले को ही मिल रहे नोटिस



**अंबाला।** लोगों की समस्याएं सुनते मंत्री अनिल विज।

- विज ने पुलिस को जांच के निर्देश दिए
- कैबिनेट मंत्री ने अपने आवास पर अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने शुक्रवार को अपने आवास पर अंबाला छावनी विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुनते हुए मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए। तोपखाना परेड से आए व्यक्ति ने मंत्री को शिकायत देते हुए बताया कि वह अपनी बुआ की जमीन पर खेती करता था, मगर बुआ ने जमीन किसी अन्य को बेच थी जिसके बाद जमीन पर कब्जा ले लिया गया।

अब उस जमीन पर विवाद होने के बाद उसके नाम से ही नोटिस आ रहे हैं जबकि उसका जमीन से कोई लेना-देना नहीं है। मंत्री अनिल विज ने इस मामले में जांच के निर्देश दिए। दयालबाग के निकट ट्रिब्यून बाग के व्यक्ति ने क्षेत्र में अवैध तरीके से मोबाइल टॉवर लगाने के आरोप लगाए। उसने कहा कि प्रशासन की अनुमति के बिना टॉवर लगाया जा रहा है जिस पर मंत्री ने कार्रवाई के निर्देश दिए। 12 क्रॉस रोड की महिला ने अपनी शिकायत देते हुए आरोप लगाए कि पड़ोसियों ने उसकी दीवार तोड़ दी है जिससे बारिश के समय उनके घर में पानी आ रहा है।

विज ने मामले में नप अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी प्रकार गांव धनकौर के बुजुर्ग दंपत्ति ने आरोप लगाया कि उसके बेटे व बहू ने उनके साथ मारपीट करते हुए उन्हें घर से निकाल दिया है। रेलवे कॉलोनी से आए कुछ दुकानदारों ने उनकी लीज अवधि को रेल प्रशासन द्वारा बढ़ाने की मांग की। इसी प्रकार मंत्री के समक्ष अन्य शिकायतें भी आई जिनपर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

---

## बिजली निगम में नौकरी व बिलों में कटौती के नाम पर दस लाख की ठगी, केस दर्ज

- पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

बिजली कर्मी बनकर खट्टा कलां गांव के सलिंदर से नौकरी लगवाने व बिल में कटौती के नाम पर 10 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। शिकायतकर्ता सलिंदर ने बताया कि उसका बराड़ा अनाजमंडी के सामने ऑफिस है। वे ट्रेडिंग का काम करते हैं।

4 व्यक्ति उसके पास बिजली निगम की गाड़ी लेकर आए और बोले कि उनकी निगम के एमडी के साथ अच्छी जान पहचान है। लंबे समय तक आते रहे तो झांसे में आकर अपने 2 भतीजों व मामा के लड़के को नौकरी लगवाने के नाम पर 6 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद आरोपी बोले कि जिनके ज्यादा बिल आए हैं वे काम कटौती करवा देंगे।

ऐसे में 5 लोगों से कुल 10 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने अब सलिंदर की शिकायत पर आरोपियों के खिलाप केस दर्ज जांच शुरू कर दी है। पुलिस की मानें तो आरोपियों को जल्द ही काबू कर किया जाएगा। साथ ही जांच के दोरान यह भी पता लगाया जाएगा आरोपियों ने कितने लोगों को ठगी का शिकार बनाया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

---

# अग्र समाज बेटी अपनाओ मुहिम भी करेगा शुरू

- पूर्व मंत्री असीम गोयल बोले अपने बच्चों की शादी के साथ गरीब परिवार की कन्या की भी करवाई जाएगी शादी, अग्र समाज के कार्यक्रम में हुआ ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** कार्यक्रम में दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता को सम्मानित करते पूर्व मंत्री असीम गोयल व अन्य।

पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रयासों से दिल्ली के भारत मंडपम में पहली बार अग्र समाज स्थापना दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इसमें हज़ारों की तादाद में लोग शामिल हुए। इस अग्र कुंभ में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। जबकि समाज से जुड़ी सभी संस्थाएं भी यहां एक सूत्र में दिखाई दी। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथियों का आयोजकों द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई। प्रसिद्ध पंडित विजय शंकर मेहता द्वारा महाराज अग्रेसन के जीवन,संघर्ष और उनके द्वारा दिए गये सिद्धांतों के व्याख्यान से की गई। जिसके पश्चात अपने संबोधन में पूर्व मंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक असीम गोयल ने बताया कि 5142 साल के इतिहास में यह पहला कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह हमारे लिए बड़ा और ऐतिहासिक दिन है। गोयल ने इस कार्यक्रम के आयोजन में बीते कई दिन से जुटे एक एक व्यक्ति का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि न सिर्फ समाज के बल्कि यहां हर एक व्यक्ति ने खुद को अग्र वंश का समझकर दिन रात मेहनत की। गोयल ने मंच से कहा कि समाज के अधिकतर बच्चे डॉक्टर हैं। ऐसे में हमें यह संकल्प लेना चाहिए हम कन्या भ्रूण हत्या के विरुद्ध आवाज़ बुलंद करेंगे। इतना ही नहीं समाज के व्यक्ति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अभियान को आगे बढ़ाते हुए इसमें बेटी अपनाओ की मुहिम भी शुरू करें। जिसके तहत अपने बच्चे की शादी के दिन ही किसी जरूरतमंद बच्ची की भी शादी करवाई जाए। उन्होंने कहा कि धर्म,संस्कार और संस्कृति की रक्षा ही महाराज अग्रसेन का संकल्प था। उन्होंने कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। समाज का कोई छोटा दुकानदार भी सेवा से पीछे नहीं हटता। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि अग्र समाज का इतिहास केवल व्यापार और वाणिज्य तक सीमित नहीं है। यह समाज सदियों से भारत की सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का वाहक रहा है। त्याग, सेवा, संयम और सदाचार, ये केवल शब्द ही नहीं बल्कि अग्र समाज के जीवन-मूल्य हैं। यह समाज हमेशा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागी रहा है चाहे शिक्षा हो, चिकित्सा हो, उद्यमिता या सामाजिक सेवा हो, हर क्षेत्र में समाज ने अपने कार्यों से एक नई ऊंचाई प्राप्त की है।

---

## गरीब परिवारों को मिलेंगे 100-100 वर्गगज के प्लाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- डीसी ने अधिकारियों की मीटिंग लेकर दिए जरुरी निर्देश



**अंबाला।** मीटिंग के दौरान मौजूद डीसी व अन्य प्रशासनिक अधिकारी।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के दृष्टिगत संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ जिला स्वीकृति एवं निगरानी समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। साथ ही मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पात्र ग्रामीण परिवारों को इस योजना का शीघ्र लाभ प्रदान करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के तहत योजना की विस्तार से जानकारी हासिल करते हुए समिति सदस्यों द्वारा प्रस्तुत लाभार्थियों की सूची एवं संबंधित क्षेत्र का फील्ड सर्वेक्षण रिपोर्ट की समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रक्रिया राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप पारदर्शिता एवं निष्पक्षता से पूरी की जाए, ताकि वास्तविक पात्र व्यक्ति ही इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 योजना के तहत जिला की विभिन्न ग्राम पंचायतों में ऐसे पात्र लाभार्थियों को 100-100 गज के आवासीय प्लॉट आवंटित किए जाने हैं। यह योजना राज्य सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने तथा उन्हें सम्मानजनक आवास सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए प्लॉट आवंटन प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करें ताकि ग्रामीण परिवारों को जल्द से जल्द आवासीय सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके। उपायुक्त ने यह स्पष्ट किया कि इस कार्य मे किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रह्मजीत सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद गगनदीप सिंह व अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहें।

---

# नशे के खिलाफ स्कूली छात्रों ने ली शपथ

- कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी बोले समाज की जड़ें खोखली कर रहा है नशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** जागरुकता कार्यक्रम मौजूद स्कूली छात्र।

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे जागरुकता अभियान के दौरान शुक्रवार को 93 वां कार्यक्रम आयोजित किया गया किया गया। यह कार्यक्रम द एसडी विद्या स्कूल अंबाला में शिक्षिका वंदना मेहता और परमिंद्र सचदेवा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए अंबाला में पहुंचे हुए थे। कार्यक्रम में विद्यालय के 803 विद्यार्थियों, 41 शिक्षकों और 10 अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। वर्मा ने नशे के विरुद्ध व्याख्यान देते हुए कहा कि नशा होता अच्छा तो सबसे पहले मां देकर कहती खा ले मेरे बच्चा। उन्होंने आगे कहा कि इसी प्रकार पिता अपनी संतान को कहता ले थोड़ी सी पी ले क्यों करता है चिंता अपनी जिंदगी जी ले। इससे स्पष्ट होता है कि ये मनुष्य के सेवन के लिए नहीं है। उन्होंने नशों की परिभाषा, प्रकार, नशे के आगम और वितरण बारे जागरूक करते हुए कहा कि नशे के कारण घर और परिवार, समाज बहुत अधिक प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि प्रतिबंधित नशे के लिए भारत सरकार द्वारा नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटांस एक्ट बनाया गया है। इस अधिनियम के अनुसार नशे पर अंकुश लगाया जा रहा है लेकिन केवल और केवल पकड़ने से यह कार्य सम्पूर्ण नहीं हो सकता जब तक यह जन जन तक न पहुंचे। सरकार द्वारा दो बार साइक्लाथोन यात्रा निकाल कर भी जागरूकता कार्यक्रम किए गए हैं। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर अथवा 1933 नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं देकर सच्चे नागरिक का कर्तव्य निर्वहन कर सकता है।

---

# ऑपरेशन सिंदूर की वीरता को किया गया नमन

## तिरंगा रैली, पोस्टर मेकिंग और रंगोली प्रतियोगिता रही आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

डीएवी पब्लिक स्कूल में भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर में दिखाई गई वीरता को नमन करते हुए शौर्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी। प्राचार्या सुनीता कपूर के नेतृत्व में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा एक तिरंगा शौर्य रैली निकाली गई। दूसरे दिन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने भारतीय सैनिकों की बहादुरी और ऑपरेशन सिंदूर की वीरता को अपने चित्रों के माध्यम से दर्शाया। आर्ट एंड क्राफ्ट विभाग की प्रभारी संतोष सैनी के निर्देशन में तैयार किए गए पोस्टरों ने न सिर्फ सभी को आकर्षित किया बल्कि कई चित्रों ने भावुक कर दिया। तीसरे दिन विद्यालय प्रांगण में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें कक्षा 6 से 9 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

---

देश के जवानों व शहीदों को समर्पित होगा समारोह

# रोहतक के पहरावर में होगा परशुराम राज्य स्तरीय जन्मोत्सव

- मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने संपूर्ण ब्राह्मण समाज से कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी करने का किया आग्रह, सीएम निभाएंगे मुख्यअतिथि की भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** भगवान परशुराम की पूजा अर्चना करते मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा व अन्य।

पर्यटन, सहकारिता, कारागार, निर्वाचन व विरासत मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि 30 मई को रोहतक स्थित गौड ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी संस्था के कैंपस पहरावर में परशुराम राज्य स्तरीय जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम देश के सैनिकों एवं शहीदों को समर्पित होगा। पर्यटन मंत्री शुक्रवार को परशुराम भवन मॉडल टाउन अंबाला शहर में जिला ब्राह्मण सभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। यहां पहुंचने पर जिला ब्राह्मण सभा के प्रधान व अन्य पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका भव्य अभिनंदन भी किया। इससे पहले कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने भगवान परशुराम मंदिर में माथा टेका और पूजा-अर्चना की। शर्मा ने इस मौके पर कहा कि पहरावर में परशुराम राज्य स्तरीय जन्मोत्सव कार्यक्रम सैनिकों और शहीदों के सम्मान में, भगवान परशुराम की शान में, 36 बिरादरी के कल्याण में, ब्राह्मण है मैदान में समर्पित होगा। उन्होंने कहा कि गौड ब्राह्मण, विद्या प्रचारिणी संस्था बहुत पुरानी संस्था है। सन 1904 में इस संस्था की स्थापना की गई थी। यह संस्था निरंतर ब्राह्मण समाज के हितों के साथ-साथ सर्व समाज के लिए कार्य कर रही है। इस संस्था के निर्माण में अनेक महापुरूषों, स्वंतत्रता सैनानियों व ब्राह्मण समाज के प्रबुद्ध लोगों का अहम योगदान है। उन्होंने संस्था को आगे बढ़ाने के लिए अपने खून-पसीने से सींचा है। उन्होंने कहा कि 30 मई को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में पहुंचकर आपको आनंद की अनुभूति होगी और आप भी महसूस करेंगे कि आपको यहां आकर ताकत मिली है। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि अंबाला शुरू से ही ब्राह्मणों का गढ़ रहा है। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने इस मौके पर कहा कि यह कार्यक्रम सामाजिक कार्यक्रम है। 15 एकड़ में इस कार्यक्रम का आयोजन होगा जहां पर सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के मंत्री, विधायकों के साथ-साथ आस पास के राज्यों के मंत्रीगण भी वशिष्ठ अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। उन्होने इस अवसर पर यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऑप्रेशन सिंदूर के तहत हमारे जाबांज सैनिकों ने पाकिस्तान में आतंकवादियों व उनके ठिकानों को मिट्टी में मिलाने का काम किया है।